लचर प्रबंधन से लखनऊ, वाराणसी में हारी भाजपा

विधान परिषद चुनाव : छह सीटें जीतकर पिछला आंकड़ा रखा बरकरार, पर संगठन की जमीनी पकड़ पर उठे सवाल

सुधीर कुमार सिंह

लखनऊ। शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव में छह सीटें जीतकर भाजपा ने भले ही पिछली बार का आंकड़ा छू लिया हो, लेकिन लखनऊ और वाराणसी में मिली हार ने संगठन के चुनाव प्रबंधन और जमीनी पकड़ पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दो से तीन सीटों पर प्रत्याशियों के कमजोर प्रबंधन, कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और संभावित भितरघात को हार की वजह माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले आए इन नतीजों ने प्रदेश नेतृत्व को संगठन की वास्तविक स्थिति पर नए सिरे से विचार करने का संकेत दिया है।

शिक्षक-स्नातक चुनाव के नतीजों का असर सरकार की स्थिरता पर नहीं पड़ने वाला है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी और राजधानी से जुड़े क्षेत्र में पार्टी के मौजूदा विधान परिषद सदस्य की हार संगठन की ताकत की जमीनी पड़ताल पर जोर दे रही है।

पार्टी में जमीनी और कॉडर के कार्यकर्ताओं के बीच समीक्षा का दौर भी शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि प्रत्याशी खुद के बजाय पार्टी संगठन के भरोसे चुनाव जीतने का सपना देख रहे थे। वहीं, मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को लेकर न तो प्रत्याशियों ने दिलचस्पी दिखाई और न ही संगठन ने ही प्रयास किया।

दो प्रमुख जगहों पर पराजय को इस बात का भी संकेत माना जा रहा है कि जमीन पर संगठन उतना मजबूत नहीं है जितना कागजों में दिख रहा है। प्रदेश नेतृत्व व पदाधिकारियों का दावों के मुताबिक न तो आम कार्यकर्ताओं से संवाद है और न उन्होंने चुनाव की तैयारियों पर ध्यान दिया। तभी तो अब पार्टी के ही समर्थक वर्गों में कई लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का प्रयास न करने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

नतीजों ने बता दिया है कि 2027 के चुनावी समर में भाजपा की जीत के लिए न सिर्फ बूथों की जिम्मेदारी संभाल रहे कार्यकर्ताओं से संवाद और संपर्क कर उनका मनोबल बढ़ाना होगा, बल्कि उनके आक्रोश को समझने का प्रयास करना होगा। पन्ना प्रमुख, बूथ प्रमुख और प्रदेश पदाधिकारियों की भूमिकाओं की कड़ी समीक्षा भी करनी होगी।



एमएलसी चुनाव में प्रत्याशियों का रवैया और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पड़ी भारी

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह कई गैर राजनीतिक चेहरों को अपना या किसी खास का प्रिय होने के कारण संगठन में स्थान दिया गया है उसके कारण कार्यकर्ताओं में निराशा आई है। उन्हें लगता है कि शीर्ष नेतृत्व दावे चाहे जो कर रहा हो, लेकिन कम से कम उत्तर प्रदेश में संगठन के कर्ता-धर्ता परिश्रम के आधार पर किसी कार्यकर्ता को कुछ नहीं देने वाले। शीर्ष नेतृत्व को यह सोचना पड़ेगा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में पार्टी की पराजय को विपक्ष आने वाले चुनाव में हथियार बनाएगा। अयोध्या की तरह यह नैरेटिव गढ़ने की कोशिश करेगा कि मोदी और भाजपा अजेय नहीं हैं। इसके पक्ष में वह लोकसभा चुनाव में 2019 के मुकाबले जीत के अंतर में आई कमी को भी एक आधार बनाएगा।

राजनीतिक एजेंडे के जरिये भाजपा तैयार करेगी तीसरी जीत का रोडमैप

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे उद्घाटन

लखनऊ। विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के बीच भाजपा शुक्रवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन की ताकत, सरकार के कामकाज और आगामी चुनावी एजेंडे को धार देगी। बैठक में पेश किए जाने वाले राजनीतिक एजेंडे के जरिये पार्टी तीसरी बार जीत दर्ज करने की रणनीति का खाका प्रस्तुत करेगी। डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि समापन सत्र को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे।


तीन सत्रों में आयोजित बैठक के दूसरे सत्र में राजनीतिक एजेंडे, चुनावी तैयारियों और प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा कर उन क्षेत्रों और बूथों पर विशेष ध्यान देने की रणनीति बनाई जाएगी, जहां पार्टी को अपनी स्थिति मजबूत करनी है। राजनीतिक प्रस्ताव के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और ऐतिहासिक निर्णयों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से पहले यह बैठक संगठनात्मक तैयारियों का आकलन करने, कार्यकर्ताओं को संदेश देने और चुनावी रणनीति को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। ब्यूरो



बैठक में शामिल प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री संगठन। -भाजपा

तावड़े और पंकज ने देर रात किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

लखनऊ। देर रात भाजपा यूपी प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि का निरीक्षण किया। सभागार, पंजीकरण व्यवस्था, मंच, बैठक स्थल की साज-सज्जा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए। ब्यूरो



राजधानी में चार घंटे रहेंगे शाह

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजधानी में करीब 4 घंटे तक रहेंगे। वह शुक्रवार सुबह 11 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट आएंगे जहां उनका स्वागत सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक करेंगे। इसके बाद वह लोहिया विधि विवि जाकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक के बाद करीब 3 बजे वह दिल्ली लौट जाएंगे। ब्यूरो

तैयारियों को अंतिम रूप, जिम्मेदारियां तय : कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और प्रदेश सह-प्रभारी मेधा कुलकर्णी, अनंत ओझा व प्रदीप वर्मा की मौजूदगी में एजेंडे और आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी को जहां कमजोर, वहां ज्यादा जोर के मंत्र पर काम करते हुए बैठक को हर दृष्टि से सुव्यवस्थित बनाना है। पंजीकरण, भोजन, यातायात और सज्जा समेत सभी व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रस्ताव में संगठनात्मक कार्यों, सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और आगामी एजेंडे को प्रस्तुत किया जाएगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि आयोजन को ऐतिहासिक, संदेशपरक, अनुशासित और व्यवस्थित बनाने के लिए पूर्व तैयारी, माइक्रो मैनेजमेंट और टीमवर्क के साथ काम करना होगा।

भाजपा का फ्लॉप शो, डबल इंजन की डबल हार : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान परिषद चुनावों में



भाजपा की हार पर तंज कसते हुए इसे डबल इंजन की डबल हार बताया। बृहस्पतिवार को प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा वाराणसी में पहले मतगणना और फिर दोबारा मतगणना में भी हार गई। प्रशासनिक दुरुपयोग, बेईमानी और धांधली के बावजूद भाजपा को कई सीटों पर हार मिली है। यह हार 2027 के विधानसभा चुनाव की प्रस्तावना है। अखिलेश ने कहा कि यह शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षा विरोधी नीतियों की हार है। पढ़े-लिखे बेरोजगार स्नातकों ने भी फैसला सुना दिया है। भाजपा से पीड़ित सभी समाज एकजुट हो रहे हैं और पीडीए का जनाधार 95 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी अब चुनाव लड़ने की हिम्मत खो चुके हैं और पार्टी दूरबीन से उम्मीदवार खोज रही है। ब्यूरो

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान से विपक्ष को घेरेगी भाजपा

लखनऊ। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जरूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए भाजपा लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान शुरू करेगी। इसके जरिये पार्टी विपक्ष के नैरेटिव का जवाब देगी। तीन नवंबर से पदयात्राएं शुरू होंगी। इनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना है।

भाजपा के अवध क्षेत्र अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी के मुताबिक, सभी महानगरों और जिला मुख्यालयों पर पदयात्राएं होंगी।

तीन नवंबर से शुरू होंगी पदयात्राएं, हर यात्रा में 10 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

प्रत्येक यात्रा में कम से कम 10 हजार लोगों की भागीदारी का लक्ष्य है। हर विधानसभा क्षेत्र में नागरिक गोष्ठियां होंगी, जिनमें करीब 200 प्रबुद्धजन एसआईआर, मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे। लोकतंत्र बनाम अराजकता युवा संवाद के तहत कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई और कोचिंग संस्थानों में कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर 10 लाख से अधिक युवाओं व पेशेवरों को जोड़ने का लक्ष्य है। शैक्षणिक संस्थानों में लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों, राष्ट्रीय विकास और नागरिक कर्तव्यों पर प्रतियोगिताएं भी होंगी। घुसपैठिया हटाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्रों में प्रभावशाली नागरिकों, बुद्धिजीवियों और विभिन्न सामाजिक वर्गों से संवाद किया जाएगा। ब्यूरो

विधान परिषद में शिक्षक संगठनों का अब एकमात्र प्रतिनिधि

निर्दल समूह के राज बहादुर चंदेल ही शिक्षक संघ से संबंधित

अक्षय कुमार

लखनऊ। प्रदेश के उच्च सदन विधान परिषद में अब शिक्षक संगठनों के एकमात्र प्रतिनिधि ही बचे हैं। हाल में हुए एमएलसी चुनाव के बाद सदन में माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के संरक्षक राजबहादुर चंदेल ही शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि बचे हैं। कहने के लिए तो प्रदेश में आधा दर्जन से अधिक खंड शिक्षक निर्वाचन की सीटें हैं, लेकिन शिक्षक संगठनों से ही वहां पर आवाज उठाने का काम अब राजनीतिक दलों पर निर्भर होगा।

उच्च सदन में एक समय ऐसा भी था जब आधा दर्जन से अधिक प्रतिनिधि शिक्षक संगठनों के थे। दो खंड स्नातक की सीटों पर भी शिक्षक प्रतिनिधि हुआ करते थे। इसमें माध्यमिक शिक्षकों के शर्मा गुट का दबदबा होता था। राजबहादुर चंदेल 1992, 1998 व 2004 में शर्मा गुट से ही तीन बार कानपुर-उन्नाव खंड शिक्षक सीट से एमएलसी रहे हैं। शर्मा गुट से जब उनका टिकट काटा गया तो उन्होंने निर्दल समूह बनाते हुए 2010 में चुनाव लड़ा और जीते। वर्ष 2017 और 2023 में भी चुने गए। उनका कार्यकाल फरवरी 2029 तक है। उन्होंने माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) का नेतृत्व भी किया। वर्तमान में वे संगठन के संरक्षक हैं।

बता दें कि वर्तमान सदन में उनके साथ ही सदस्य रहे ध्रुव कुमार त्रिपाठी व निर्दल समूह के डॉ. आकाश अग्रवाल भी शिक्षक संगठनों से ही जुड़े थे। दोनों इस चुनाव में सदस्य के रूप में तो सदन में वापस लौटे हैं, लेकिन वे भाजपा व सपा के बैनर से पहुंचे हैं। राजबहादुर सिंह चंदेल ही सिर्फ शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अन्य सदस्य किसी राजनीतिक दल से जुड़े होंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्रा कहते हैं कि पहली बार ऐसा होगा कि हमारे संगठन का सदन में प्रतिनिधित्व नहीं होगा। प्रदेश में आठ खंड स्नातक और आठ खंड शिक्षक की सीटें इसीलिए बनाई गई थीं ताकि उनके हित की बात हो सके। शिक्षक संगठन के एकमात्र प्रतिनिधि हाने से सदन में शिक्षकों की आवाज उठाने के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।

शिक्षक-कर्मचारी प्रतिनिधि तीसरे नंबर पर

खंड शिक्षक निर्वाचन के साथ ही प्रदेश में पांच सीटों पर खंड स्नातक सीटों पर भी चुनाव हुए। इसमें लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन में शिक्षक-कर्मचारियों के नेता व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु भी मैदान में उतरे थे। वे चुनाव में 10832 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 8(6) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और ज़मानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक मे बंधक अचल सम्पत्तियां जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा हैं, जहां है', 'जो हैं, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 08.12.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 09.12.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्ज़ा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
	शाखाः आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मो0: 9415389015		
1.	1. श्री फैसल खान पुत्र मो. रईस (ऋणी), एसडी 601/क्यू, छठी मंजिल, क्यू ब्लॉक, रिवर व्यू एन्क्लेव, शारदा अपार्टमेंट, सेक्टर 4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226010 2. श्रीमती शाजिया फातिमा पत्नी श्री फैसल खान (सह–ऋणी), एसडी 601/क्यू, छठी मंजिल, क्यू ब्लॉक, रिवर व्यू एन्क्लेव, शारदा अपार्टमेंट, सेक्टर 4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226010 3. मो. तौसीफ पुत्र श्री मो. रफीक (जमानतकर्ता), 56, उजरियागांव, विजय खंड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 मांग सूचना की तिथिः 03.08.2023 बकाया धनराशिः ₹30,24,318.32 +ब्याज एवं अन्य खर्चे	आवासीय सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित स्थित फ्लैट नं. एसडी 601, क्यू–ब्लॉक, छठी मंजिल, 3–बीएचके, टाइप 2, रिवर व्यू एन्क्लेव, शारदा अपार्टमेंट, सेक्टर 4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226010, स्वामी– श्री फैसल खान एवं श्रीमती शाजिया फातिमा, क्षेत्रफल– 144.72 वर्ग मीटर, चौहद्दीः–ऊपर की ओर– फ्लैट नं. एसडी/701, सातवीं मंजिल, ब्लॉक क्यू/3बीएचके/टाइप–2, नीचे की ओर– फ्लैट नं. एसडी/501, पांचवीं मंजिल, ब्लॉक क्यू/3बीएचके/टाइप–2, बगल में– सीढ़ियां (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 80,00,000/– ₹ 8,00,000/–

नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com. अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त शाखा प्रबंधक से फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/– उपर होगी।
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 28.10.2026 | स्थानः लखनऊ | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखा आफिस - एआरएमबी, लखनऊ
निकट कपूरथला चौराहा, अलीगंज, लखनऊ-226024
मो. नं. 9820211978 ईमेलः cs8272@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

ई–नीलामी प्रक्रिया से "वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत जो प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपतियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ताओं, जमानतकर्ताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पक्ष में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नैशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई–नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जहां है जो है" और "जो भी हो" के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अधिभार ज्ञात नही) निम्नानुसार है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं /बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बिक्री हेतु बंधक सम्पत्ति का विवरण

क्र सं	शाखा का नाम / खाते का विवरण / उधारकर्ता/जमानतकर्ता/ खाता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/यां) (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 / ब)बकाया राशि / स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 / द)कब्जा का प्रकार–रचनात्मक/सांकेतिक/भौतिक कब्जा	अ)आरक्षित मूल्य / ब)धरोहर धनराशि (धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि) / स) वृद्धिशील बिड धनराशि	ई–नीलामी की तिथि व समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण
	धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाते का विवरण : SUNDRY NPA/SARFAESI/AUCTION RELATED NO.827200317118A आईएफएस कोड (IFS code)-PUNB0827200 नोडल अधिकारी - श्री एन्थोनी खलखो, मुख्य प्रबन्धक, एआरएमबी, लखनऊ, मो. +91 9820211978					
1	शाखा : एआरएमबी, लखनऊ खाता–मेसर्स संदीप मेडिकल स्टोर, प्रोप. श्री संदीप कुमार दीक्षित, खाता नं. 1497210031523 उधारकर्ता– मेसर्स संदीप मेडिकल स्टोर, प्रोप. श्री संदीप कुमार दीक्षित, पताः दुकान नं. 1, सैनी मार्केट, अजीज नगर, मोहिबुल्लापुर, सीतापुर रोड, लखनऊ 226021 स्व. संदीप दीक्षित, पुत्र स्व0 परम हंस दीक्षित के विधिक उत्तराधिकारी पता– 2. 615/406 गायत्री नगर, नौबस्ता खुर्द, सीतापुर रोड लखनऊ 226021	मकान नं. 615/406, मिनजुमला प्लाट नं. 190, स्थित नौबस्ता खुर्द, गायत्रीनगर, वार्ड फैजुल्लागंज लखनऊ। क्षे. 66.90 वर्गमी. जोकि श्री संदीप कुमार दीक्षित निवासी मकान नं. 615/406, नौबस्ता रोड, गायत्रीपुरम लखनऊ 226020 के नाम है। (विक्रय अभिलेख नं. 1244/02 दिनांक 11.02.2002)। चौहददी –उत्तर–10फीट चौड़ी रोड, दक्षिण –रानी अस्थाना का प्लाट, पूर्व– अनिल सोनी का प्लाट, पश्चिम–शकुन्तला देवी का प्लाट।	अ) 08.05.2018 (1662800.47) ब)रू. 41,04,325.50 दिनांक 30.09.2026 को +ब्याज दि-01.10.2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे, वसूली घटाकर, यदि कोई हो तो स) 24.08.2018 द)सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 14,81,000/- ब)रू. 1,48,100/- 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/-	27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही
2	शाखा : एआरएमबी लखनऊ खाता का नाम–मेसर्स शुक्ला स्टील्स सेल्स उधारकर्ताः मेसर्स शुक्ला स्टील्स सेल्स प्रोपराईटर /बंधककर्ता – श्री अविनाश चंद्र शुक्ला मकान नं. सी–13/104, प्रथम तल, सी–ब्लॉक, राजाजीपुरम, लखनऊ 226017	सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित आवासीय फ्लैट स्थित मकान नंबर सी–13/104, प्रथम तल, सी–ब्लॉक, राजाजीपुरम लखनऊ 226017 क्षे. 90.26 वर्ग मीटर जोकि श्री अविनाश चंद्र शुक्ला पुत्र स्वर्गीय रामाधार शुक्ला के नाम है। चौहददी– पूर्वः सी–13/105 पश्चिमः सी–13/103, उत्तरः 9 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिणः ईडब्ल्यूएस मकान	अ) 01.05.2023 ब)रू. 31,82,244.72 दिनांक 30.09.2026 को + ब्याज दिनांक 01.10.2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे घटाओं वसूली यदि कोई हो तो, स) 11.07.2023 द)सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 41,27,000.00 ब)रू 4,12,700.00 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/-	27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही
3	शाखाः एआरएमबी, लखनऊ(मूल शाखा अलीगंज, लखनऊ) खाता का नाम–मेसर्स संदीप ट्रेडर्स उधारकर्ता– मेसर्स संदीप ट्रेडर्स प्रोपराइटर स्व. संदीप कुमार दीक्षित,पुत्र श्री परम हंस दीक्षित 616/पी–72,73 खसरा नंबर 141 सेमरागढ़ी फैजुल्लाहगंज लखनऊ 226021 स्व. संदीप दीक्षित, पुत्र स्व. परम हंस दीक्षित के विधिक उत्तराधिकारी पता– 2. 615/406 गायत्री नगर, नौबस्ता खुर्द, सीतापुर रोड लखनऊ 226021	सभी भाग एवं हिस्सों सहित दुकान स्थित प्लॉट नंबर 72, 73 के भाग पर खसरा नंबर 141 सेमरागढ़ी फैजुल्लाहगंज, लखनऊ क्षे. 12.546 वर्गमी. जोकि श्री संदीप दीक्षित के नाम है। (विक्रय विलेख नंबर 9238 दिनांक 24.06.2016) चौहददी– पूर्व– विक्रेता की दुकान, पश्चिम– रेनू पाण्डेय की दुकान, उत्तर– पूनम गुप्ता का मकान, दक्षिण– 18 फीट चौड़ी सड़क।	अ) 01.06.2017 ब)रू. 3436262.65 दिनांक 30.09.2026 को +ब्याज दि 01-10-2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे, वसूली घटाकर, यदि कोई हो तो स) 17.01.2018 द)सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 5,89,050.00 ब)रू. 58,905.00 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/-	27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही
4	शाखा :एआरएमबी लखनऊ खाता– मेसर्स आरिफ इन्टरप्राइजेज, उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतकर्ता– मेसर्स आरिफ इन्टरप्राइजेज, प्रोपराईटर मोहम्मद आरिफ निवासी 193/67 गौस गंज, वजीरगंज, लखनऊ जमानतकर्ताः श्रीमती मारिया पत्नी श्री मो0 आरिफ मकान संख्या 193/67 गौसगंज, वार्ड वजीरगंज, लखनऊ।	सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित मकान नंबर 67 गौसगंज वार्ड वजीरगंज लखनऊ । क्षेत्रफल 97.58 वर्ग मीटर जोकि मोहम्मद आरिफ के नाम पर है। चौहददीः पूर्वः श्री इब्राहिम का मकान, पश्चिमः श्री इस्माइल का मकान, उत्तरः श्री रफी का मकान, दक्षिणः 8 फीट चौड़ी सड़क एवं इब्राहिम एवं इस्माइल का मकान।	अ) 04.10.2016 ब)रू. 1,02,55,490.00 दिनांक 30.09.2026 को +ब्याज दि-01.10.2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे, वसूली घटाकर, यदि कोई हो तो स) 05.12.2016 द)सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 31,65,000.00 ब)रू. 3,16,500.00 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/-	27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही
5	शाखा :एआरएमबी लखनऊ खाता– मोहम्मद आरिफ पुत्र गुलाम अली उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतकर्ता– मोहम्मद आरिफ पुत्र गुलाम अली निवासी 193/67 गौस गंज, वजीरगंज, लखनऊ-226018 श्रीमती मारिया आरिफ पत्नी श्री मो0 आरिफ 193/67 गौसगंज, वार्ड वजीरगंज, लखनऊ-226018	सभी भाग एवं हिस्सों सहित सम्पत्ति स्थित प्लॉट नंबर 1, ताजी खाना, मशक गंज लखनऊ 226018 क्षे. 1560 वर्गफीट (144.98 वर्गमी.) जोकि श्री मोहम्मद आरिफ पुत्र गुलाम अली के नाम पर है। चौहददीः उत्तर– मुन्नू कलवार का मकान, दक्षिण– सुख लाल प्रसाद का मकान। पूर्व– गंगा प्रसाद का मकान, पश्चिम– लगभग 5फीट चौड़ी गली और फिर जगननाथ का मकान,	अ)04.10.2016 (Rs.1000456.30) ब)रू. 52,03,218.38 दिनांक 30.09.2026 को +ब्याज दि-01.10.2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे, वसूली घटाकर, यदि कोई हो तो स) 05.12.2016 द)सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 36,36,810.00 ब)रू. 3,63,681.00 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/-	27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही
6	शाखा : 029300 लखनऊ गौतम बुद्व मार्ग (अब एआरएमबी लखनऊ 627200) खाता–मेसर्स अरुण एंड कंपनी, खाता नं. 029300IL00000069, 029300IL00000173 & 3676008700000894 उधारकर्ता– मेसर्स अरुण एंड कंपनी, प्रोप. श्री अरुण मिश्रा पुत्र श्री रुद्रधर मिश्रा, 97/3,4,5 कसाईबाड़ा, जीबी मार्ग लखनऊ –226018 प्रोपराईटर/बंधककर्ता –श्री अरुण मिश्रा पुत्र श्री रुद्रधर मिश्रा निवासी (1) 97/3,4,5 कसाईबाड़ा जीबी मार्ग लखनऊ–226018 (2) मकान नंबर 279/13 स्थित प्लॉट 417/16 मवैया योजना पानदरीबा वार्ड चित्रगुप्त नगर, चारबाग लखनऊ 226001 एवं श्री रुद्र धर मिश्रा (जमानतकर्ता) पुत्र स्वर्गीय राम देव मिश्रा मकान नंबर 279/13 स्थित प्लॉट 417/16 मवैया योजना, पानदरीबा वार्ड चित्रगुप्त नगर, चारबाग लखनऊ 226001	1. साम्यिक बंधक संपत्ति दुकान नंबर 97/3–4–5 स्थित चंद्रशेखर आजाद मार्ग, कसाई बाड़ा लखनऊ जोकि श्री अरुण मिश्रा के नाम है। क्षेत्रफल 570.33 वर्ग फुट। चौहददी (डीड के अनुसार): उत्तर–भवन की दीवार का भाग एवं तब अन्य मकान, दक्षिण– चंद्रशेखर आजाद मार्ग 24 फीट, पूर्व– अब्दुल हय एवं श्रीमती आशा मिश्रा पत्नी श्री रुद्रधर मिश्रा का भाग, पश्चिम – श्री अनवारुल और अजीम का अचल सम्पत्ति। 2. साम्यिक बंधक संपत्ति दुकान संख्या एलजी 97/3- 4–5/1 स्थित चंद्रशेखर आजाद मार्ग कसाई बाड़ा लखनऊ जोकि श्री अरुण मिश्रा के नाम पर है। क्षेत्रफल 621.25 वर्ग फीट। चौहददी(डीड के अनुसार): उत्तर– विक्रय की गई दुकान की दीवार उसके बाद वाशिम का मकान, दक्षिण– चंद्रशेखर आजाद मार्ग 24 फीट, पूर्व– दुकान की दीवार और उसके बाद श्री गया प्रसाद का मकान, पश्चिम–संयुक्त दीवार और उसके बाद विक्रेता के अन्य भाग।	अ)07.09.2024 (Rs. 1,57,60,791.90) ब)रू. 1,46,63,702.90 (दिनांक 30.09.2026 को) +ब्याज एवं अन्य खर्चे, घटाओं वसूली यदि कोई हो तो, दिनांक 01.10.2026 से प्रभावी स) 10.01.2025 समाचार पत्र मे प्रकाशित दिनांक 11-01-2025 द)सांकेतिक कब्जा	1.अ)रू. 43,63,000/- ब)रू. 4,36,300/- 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/- 2.अ)रू. 47,52,000/- ब)रू. 4,75,200/- 26-11-2026 रात्रि 11.00 बजे तक स)रू. 10,000/-	27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे 27-11-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही कोई अधिभार ज्ञात नही

नियम एवं शर्तें– बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम एवं शर्तें की पुष्टिकरण के अधीन होगी। 1. सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है वैसा है", "जैसा है वैसा है" और "जो भी हो" के आधार पर की जायेगी। 2. बंधक सम्पत्ति से सम्बन्धित निर्दिष्ट जानकारी बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अंकित किये गये है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि गलत बयान या बिक्री सम्बन्धी घोषणा में हुई चूक हेतु जवाबदेही नही होगा। 3. बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई–नीलामी प्लेटफार्म वेबसाइट https://baanknet.com पर की जायेगी। 4. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

बिक्री सूचना सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक चेतावनी है।

दिनांक 23.10.2026 स्थान लखनऊ | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9 (1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और ज़मानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक मे बंधक अचल सम्पत्तियां जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा हैं, जहां है', 'जो हैं, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 25.11.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 26.11.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्ज़ा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
	शाखाः आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मो0: 9415389015		
1.	मोहम्मद चाँद सिद्दीकी पुत्र हाजी मोहम्मद अनीस पता 1–570/230, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226005, पता 2– 104, नई बाजार, किला मैदान, काकोरी, लखनऊ–227107 (ऋणी/बंधककर्ता) मांग सूचना की तिथिः 26.04.2023, बकाया धनराशिः ₹33,60,364.71 +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित प्लॉट सं. 03/187, सेक्टर–एच, जानकीपुरम योजना, लखनऊ, स्वामी– मोहम्मद चाँद सिद्दीकी, कुल क्षेत्रफल 52.00 वर्ग मी., चौहद्दीः–ःपूर्वः मकान सं. 3/188, पश्चिमः मकान सं. 3/186, उत्तरः मकान स. 3/154 एवं 3/155, दक्षिणः 7.5 मीटर चौड़ी सड़क (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 29,00,000/– ₹ 2,90,000/–
2.	ऋणीः मेसर्स लाला फतेह चंद्र हरीश चंद्र एंड संस, प्रोप. श्रीमती मीना सिंघल, पता– 24, कुलभास्कर कॉम्प्लेक्स जी बी मार्ग लखनऊ–226018 प्रोपराइटर–श्रीमती मीना सिंघल पत्नी श्री हरीश चंद्र सिंघल, पताः1–108/53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–226018, पताः2– दुकान/हॉल सं. 01, मकान नंबर 529/597 पर बनाहै, जो प्रथम तल स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, लखनऊ–226006 ज़मानतकर्ता–श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री राज कुमार वर्मा, पता–108/53, गगनी शुकुल का तालाब, मॉडल हाउस, अमीनाबाद, लखनऊ–261206 मांग सूचना की तिथिः 25.05.2022, बकाया धनराशिः ₹62,12,906.92 +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित दुकान/हॉल सं. 01 मकान नं. 529/597 पर निर्मित, प्रथम तल, स्काई कैसल टॉवर, पिकनिक स्पॉट रोड, रहीम नगर, वार्ड महानगर, जिला लखनऊ, क्षेत्रफल 109.665 वर्ग मीटर, स्वामीः श्रीमती मीना सिंघल पत्नीः श्री हरीश चंद्र सिंघल, चौहद्दीः पूर्व–लिफ्ट एवं सीढ़ी, पश्चिम–खुली पार्किंग एवं उसके बाद रोड, उत्तर–दुकान/हॉल सं. 2, प्रथम तल, दक्षिण– ओम प्रकाश मौर्य का प्लाट/मकान (कब्जा–भौतिक)	₹ 54,00,000/– ₹ 5,40,000/–
3.	1. मेसर्स नितिशा ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी), प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोप्राइटर सुश्री निकिता अग्रवाल पत्नी श्री धीरज अग्रवाल, खसरा संख्या 326 वी, मुत्तकीपुर, आईआईएम रोड, लखनऊ–226021 (उ.प्र.) 2. श्रीमती निकिता अग्रवाल (प्रोप.) पत्नी श्री धीरज अग्रवाल, मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, जानकीपुरम योजना, जानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109/5 जी, मॉडल हाउस, निकट पोस्ट ऑफिस, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), 3. श्री नीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल फ्लैट संख्या ए 1/6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम, आईआईएम रोड, महर्षि विश्वविद्यालय के पास, भिटौली खुर्द, लखनऊ–226020 (उ.प्र.), और 109/5 जी, मॉडल हाउस, निकट पोस्ट ऑफिस, लखनऊ–226001 (ज़मानतकर्ता/बंधककर्ता) 4. श्री धीरज अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, मकान संख्या 47, सेक्टर–आई, जानकीपुरम योजना, जानकीपुरम, लखनऊ–226021 और 109/5 जी, मॉडल हाउस, निकट पोस्ट ऑफिस, लखनऊ–226001 (उ.प्र.), और फ्लैट संख्या 404, चतुर्थ तल, ब्लॉक–बी, गोयल एन्क्लेव, फेज–4, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ–226028 (उ.प्र.) (ज़मानतकर्ता) मांग सूचना की तिथिः 25.06.2025, बकाया धनराशिः ₹2,26,12,817.77 (नोटिस दिनांक तक बकाया) +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित साम्यिक बंधक फ्लैट संख्या ए1/6 पीआर, छठी मंजिल, पैराडाइज पाम (ग्रुप हाउसिंग आवासीय अपार्टमेंट), प्लॉट/खसरा संख्या 109 स पर निर्मित, रायपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 1517.00 वर्ग फीट, श्री नीरज अग्रवाल के नाम पर, चौहद्दीः पूर्वः मार्ग 7.5, पश्चिमः खुला, उत्तरः खुला, दक्षिणः सीढ़ी और लॉबी की दीवार (कब्जा–भौतिक)	₹ 63,00,000/– ₹ 6,30,000/–
4.	1. मेसर्स शिव ग्रीन सोलर सिस्टम्स प्रा. लि., मकान संख्या 1/172 सी, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सीतापुर रोड, लखनऊ–226024 2. श्री संजय गोस्वामी पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार भारती (निदेशक/स्व. रमेश कुमार भारती के विधिक उत्तराधिकारी), मकान संख्या 1/172 सी, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सीतापुर रोड, लखनऊ–226024 3. श्रीमती मंजू देवी पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार भारती (निदेशक/स्व. रमेश कुमार भारती के विधिक उत्तराधिकारी), मकान संख्या 1/172 सी, प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सीतापुर रोड, लखनऊ–226024 मांग सूचना की तिथिः 08.05.2023, बकाया धनराशिः ₹1,57,01,075.73 +ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित प्लॉट संख्या बी–3, खसरा संख्या 705, 706, 708 एवं 711 के मिनजुमला का भाग, ग्राम अल्लूनगर, डिगुरिया, आईआईएम रोड, एचपी पेट्रोल पंप के पास, परगना लखनऊ, स्वामीः आवासीय संपत्ति स्व. श्री रमेश कुमार भारती की है (विधिक उत्तराधिकारी–श्रीमती मंजू देवी पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार भारती एवं श्री संजय गोस्वामी पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार भारती के माध्यम से), क्षेत्रफलः 2033.00 वर्ग फीट, चौहद्दीः–पूर्व– प्लॉट संख्या बी–4, पश्चिमः 9 से 12 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तरः 25 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः अन्य की भूमि (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 64,00,000/– ₹ 6,40,000/–

नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com. अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त शाखा प्रबंधक से फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/– उपर होगी।
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 28.10.2026 | स्थानः लखनऊ | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया